हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 21 नवंबर 2025

तापमान

अधिकतम 29 .0 डिग्री
न्यूनतम 8 .5 डिग्री

12 2628 बच्चों ने दी सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी परीक्षा



12 एक महीने में बनकर तैयार होगी बड़ा तालाब हनुमान मंदिर की सड़क



## खबर संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न मामले का आरोपी गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामलें में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत मिलने के बाद दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। बातचीत सिरे नहीं चढ़ने के बाद पुलिस ने 13 अक्टूबर को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में जयपुर के झोटवाड़ा निवासी धर्मबीर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार हुए वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। थाना कसोला पुलिस ने हादसे के बाद 15 नवंबर को चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया था। चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने नाहड़ निवासी इंद्रजीत सिंह को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। उसकी स्कॉर्पियो गाड़ी को भी पुलिस ने कब्जे में लिया है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रोहड़ाई थाना पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 3 अगस्त को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में बोलनी निवासी विकास को गिरफ्तार कर लिया। जाटूसाना थाना पुलिस ने 27 अक्टूबर को दर्ज किए गए मामले में लाला निवासी जतिन को गिरफ्तार किया है। इस मामले में 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी को भेजा जेल

**रेवाड़ी।** सदर थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस ने जैतपुर शेखपुर निवासी अरमान को देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दिए गए। आर्म्स एक्ट के तहत सिटी पुलिस ने कुतुबपुर निवासी जतिन को भी गिरफ्तार किया था। उसे भी पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश हुए। दोनों को एस्कोर्ट गार्द के हवाले कर दिया गया।

### कोर्ट से घोषित किए गए दो पीओ चढ़े पुलिस के हत्थे

**रेवाड़ी।** पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए दो पीओ को गिरफ्तार किया है। एक मामले में बावल कोर्ट ने नांगल निवासी युद्धिष्ठर को पीओ घोषित किया था। उसके खिलाफ पुलिस को केस दर्ज करने के बाद आदेश दिए थे। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर 19 नवंबर को केस दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कोसली पुलिस ने 19 नवंबर को दर्ज किए गए मामले में कोर्ट से घोषित पीओ कारोली निवासी विक्की को गिरफ्तार कर लिया।

### श्रमिक की मौत के बाद कराया पोस्टमार्टम

**बावल।** संदिग्ध हालात में एक श्रमिक की मौत के बाद कसोला पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया। मूल रूप से यूपी के सुधियानी बांसर निवासी सोहिल अहमद अंसारी कसोला क्षेत्र में मेहनत मजदूरी करता था। बीते बुधवार को सीने में दर्द के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

---

*धारूहेड़ा पंचायत समिति अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास पर वोटिंग आज*

# बचेगा या जाएगा दलबीर का ताज, प्रस्ताव पर फैसला हो जाएगा आज, एडीसी ने भेजे सदस्यों को नोटिस

**एडीसी राहुल मोदी ने सभी 22 सदस्यों को मीटिंग के लिए भेजे नोटिस**

**अगर राजनीतिक दबाव बरकरार रहा, तो दलबीर को बचाने के लिए किसी रणनीति को सिरे चढ़ाया जा सकता है**

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

धारूहेड़ा पंचायत समिति चेयरमैन के सिर से ताज जाएगा या बचेगा इसका फैसला 21 नवंबर को होने वाली बैठक में हो सकता है। बैठक के लिए एडीसी राहुल मोदी की ओर से सभी सदस्यों को नोटिस प्रेषित किए जा चुके हैं। दलबीर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के आशीर्वाद से चेयरमैन बने थे। अगर उनका आशीर्वाद इस बार भी काम कर गया, तो चेयरमैन का ताज उनके सिर पर बरकरार रह सकता है। इस पंचायत समिति के 22 में 16 सदस्यों ने गत 19 सितंबर को डीसी अभिषेक मीणा को शपथ पत्र देकर चेयरमैन दलबीर के प्रति अविश्वास जताया था। इन सदस्यों ने दलबीर पर विकासकार्यों में भेदभाव से लेकर अपने चहेते ठेकेदारों को पंचायत समिति के तहत होने वाले कार्यों के ठेके दिलाने के आरोप लगाए थे। शपथ देने के साथ ही अधिकांश असंतुष्ट सदस्य भ्रमण के लिए अज्ञात स्थान की ओर रवाना हो गए थे। इनका नेतृत्व कांग्रेस पृष्ठभूमि से जुड़े एक ब्लॉक समिति सदस्य ही कर रहा है, जिस पर एक महिला सदस्य के पति ने उसकी पत्नी को जबरन अज्ञात स्थान पर रखने के आरोप लगाए थे। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा और वोटिंग के लिए एडीसी ने 24 अक्टूबर का दिन तय किया था। इससे पूर्व दलबीर चेयरमैनी बचाने के लिए एक बार फिर से केंद्रीय मंत्री की शरण में चले गए थे।

बैठक में शामिल होने के लिए एक महिला सदस्य को छोड़कर सभी सदस्य जिला सचिवालय पहुंच गए थे, परंतु खुद एडीसी के अवकाश पर चलने जाने के कारण बैठक स्थगित कर दी गई थी। इसके पीछे राजनीतिक दबाव अपना काम कर रहा था। अब अगर राजनीतिक दबाव बरकरार रहा, तो दलबीर को बचाने के लिए किसी रणनीति को सिरे चढ़ाया जा सकता है।



रेवाड़ी। डीसी को शपथ पत्र सौंपते समय का फाइल फोटो।



24 अक्टूबर को बैठक स्थगित होने पर सचिवालय से बाहर आते ब्लॉक समिति सदस्य फाइल फोटो।

**महिला सदस्य को लेकर हुआ था हंगामा**

पिछली बैठक में जब शपथ पत्र देने वाले सदस्य जिला सचिवालय पहुंचे, तो एक महिला सदस्य उनके साथ नहीं आई थी। महिला के नहीं आने पर उसके पति व परिजनों ने जमकर हंगामा करते हुए नेतृत्व करने वाले सदस्य पर अपहरण के आरोप लगाए थे। महिला की घर वापसी के लिए उसके पति ने पुलिस थाने तक में शिकायत दर्ज कराई थी, परंतु बाद में महिला व अन्य सदस्यों वीडियो भेजकर अपनी मर्जी से बाहर होने की बात कही थी।

**सभी सदस्यों को भेजे जा चुके नोटिस**



*धारूहेड़ा ब्लॉक समिति के सदस्यों की बैठक 21 नवंबर को बुलाई गई है। इसमें अविश्वास प्रस्ताव के आवेदन पर विचार करने के लिए चर्चा होगी। आवश्यक होने पर मतदान कराया जाएगा, जिसके आधार पर चेयरमैन के भाग्य का फैसला होगा।*
*-राहुल मोदी, एडीसी कम विहित प्राधिकारी पंचायत समिति।*

**पाला भी बदल सकते हैं असंतुष्ट सदस्य**

सूत्रों के अनुसार दलबीर के खिलाफ असंतोष जाहिर करते हुए जब पंचायत समिति के 16 सदस्यों ने डीसी को शपथ पत्र दिए, तो उसके बाद ही चेयरमैनी सुरक्षित रखने के लिए राव इंद्रजीत सिंह समर्थित एक खेमे ने कुछ सदस्यों को मना लिया था। यह सदस्य वोटिंग के समय दलबीर के पक्ष में पाला भी बदल सकते हैं। ऐसे में दो-तीन सदस्यों पर पूरा दारोमदार रहेगा। वोटिंग से पहले कुछ महिला सदस्यों से उनके परिजन मिलने का प्रयास कर रहे हैं।

**बैठक में खास होने की उम्मीद**

दलबीर को पद से हटाने के लिए 16 सदस्य पहली बैठक तक एकजुट थे। अगर वोटिंग होती, तो नदारद रही महिला सदस्य को भी हाजिर किया जा सकता था। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार राव एक राव समर्थक ही पर्दे के पीछे दलबीर को चेयरमैन पद से मुक्त कराने की मुहिम में जुटा हुआ है। पिछली बैठक स्थगित होने के बाद राव समर्थित दूसरा खेमा दलबीर की चेयरमैनी बचाने की कवायद में जुटा हुआ है। इस बैठक में खास होने की उम्मीद है।

---

# आरबीएस के बाल उत्सव में विद्यार्थियों ने अनेक प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

*मुख्य अतिथि रमेश सचदेवा ने विद्यालय के स्तर, विद्यार्थियों की प्रतिभा और शिक्षकों की निष्ठा की विशेष सराहना की*

■ मुख्यातिथि ने समारोह में कक्षा 10 के टॉपर रजनीश को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष पुरस्कार प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आरबीएस मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल रामपुरा में 6-दिवसीय बाल उत्सव का वीरवार को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित समाजसेवी रमेश सचदेवा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. कुसुम, सुमन यादव आर्ट ऑफ लिविंग की वरिष्ठ शिक्षिका मौजूद थी। इस मौके पर मुख्य अतिथि रमेश सचदेवा ने विद्यालय के स्तर, विद्यार्थियों की प्रतिभा और शिक्षकों की निष्ठा की विशेष सराहना की।



रेवाड़ी। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

**विद्यार्थी हुए सम्मानित**

मुख्यातिथि ने समारोह में कक्षा 10 के टॉपर रजनीश को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष पुरस्कार प्रदान किया। सोलो डांस व कविता पाठ सहित अन्य प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तीसरा स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन शिक्षिका मेघा व रश्मि यादव ने किया। कार्यक्रम में योगिता, सुचित्रा, निर्देश, निधि, दीपिका, नताशा, हेमलता, संगीता, मोनिका और ज्योति ने सहयोग दिया। विद्यालय की प्राचार्या रितु ओबेरॉय और डायरेक्टर डा. विमल कुमार ने सभी अतिथियों व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

---

# बिना दहेज की शादी कर समाज को दिया सकारात्मक संदेश



रेवाड़ी। वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए। फोटो : हरिभूमि

**रेवाड़ी।** गढ़ी बोलनी रोड स्थित मनचंदा सोसायटी में रहने वाले मूलरुप से गांव जैनाबाद निवासी भीम सिंह यादव ने अपने पुत्र आयुष खोला की शादी में बिना दहेज के सभी रश्मे निभाकर समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया है। आयुष चंडीगढ़ हाई कोर्ट में वकील है। उनकी शादी कुरुक्षेत्र निवासी डा. सतीश वत्स की पुत्री एडवोकेट मृड़ानी से बुधवार को सम्पन्न हुई। शादी में दोनों परिवारों ने दहेज लेनदेन से किनारा करके समाज को संदेश दिया। सूबेदार रामपत, जयनारायण यादव, सूबे सिंह, रतन सिंह, सुरेश कुमार, शमशेर सिंह, सतीश, एडवोकेट संदीप, बैंक मैनेजर प्रदीप मास्टर व विकास ने वर-वधू को आशीर्वाद देकर बिना दहेज की शादी की सराहना की।

---

# जिला प्रशासन की टीम ने रामपुरा में रुकवाया बाल विवाह

*विवाह अधिनियम के अनुसार शादी के लिए लड़के की आयु कम से कम 21 साल होनी आवश्यक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा के मार्गदर्शन में संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी की टीम ने जिले में बाल विवाह की कुप्रथा को रोकने के लिए अभियान चलाया हुआ है। वीरवार को संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सरिता शर्मा ने सूचना मिलने पर गांव रामपुरा में बाल विवाह को रुकवाने में सफलता हासिल की। सरिता शर्मा ने बताया कि गांव रामपुरा में अगले सप्ताह दो भाईयों की शादी होनी थी, जिसका रिश्ता राजस्थान प्रांत में किया गया था। एक गुप्त सूचना के आधार पर बाल संरक्षण विभाग ने जब मौके पर जाकर जांच की तो एक भाई की उम्र 19 साल पाई गई। पुष्टि होने के बाद विवाह को रुकवा दिया गया है। विवाह अधिनियम के अनुसार शादी के लिए लड़के की आयु कम से कम 21 साल होनी आवश्यक है।

**2 साल तक की सजा व 1 लाख तक का जुर्माना हो सकता है**

सरिता शर्मा ने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अन्तर्गत कानूनी अपराध है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की व 21 वर्ष से कम आयु के लड़के को नाबालिग माना जाता है। यदि कम आयु में विवाह किया जाता है तो यह संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है, ऐसा कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह कराता है, उसको बढ़ावा देता है या उसकी सहायता करता है, तो 2 साल तक की सजा और 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी ने आमजन से आह्वान किया कि बाल विवाह से संबंधित कोई भी सूचना प्राप्त होती है तो वे बाल विवाह निषेध अधिकारी, पुलिस हेल्पलाइन 112, मजिस्ट्रेट या चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना दे सकते है, ताकि समय पर हस्तक्षेप करके नाबालिग के विवाह को रुकवाया जा सकें।

---

# धोखाधड़ी के मामले में लुखी का व्यक्ति गिरफ्तार ट्रांजिट रिमांड पर बंगाल लेकर गई पुलिस

■ दो दिन पहले 18 नवंबर को 53 लाख की धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले के पुंडीबाड़ी थाना पुलिस वीरवार को लुखी गांव के एक व्यक्ति को ट्रांजिट रिमांड पर बंगाल ले गई है। लुखी गांव निवासी विवेक के विरुद्ध मेसर्स धतरवाल कंस्ट्रक्शन कंपनी के साइट इंचार्ज संजय कुमार ने दो दिन पहले 18 नवंबर को 53 लाख की धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। कंपनी के खोल्टा चेक पोस्ट पर स्थित कार्यालय के साइट इंचार्ज की ओर से लुखी गांव के विवेक कुमार, उसकी पत्नी, दो महेंद्रगढ जिले के व्यक्तियों तथा एक बंगाल के आरोपी के विरुद्ध दी शिकायत में कहा गया कि मेसर्स धतरवाल कंपनी एनएच-31डी के पुनर्वास और उन्नयन के लिए एक राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना पर काम कर रही है। आरोपी विवेक कुमार खोल्टा बाइपास पर उपरोक्त परियोजना के परियोजना प्रभारी के रूप में काम कर रहे थे, जो उप-ठेकेदारों द्वारा किए गए मिट्टी भरने के काम के माप को मंजूरी देने और उनके भुगतान का काम देखते थे।

**कंपनी को 53,27,248 रुपये का गलत नुकसान हुआ**

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि आरोपी विवेक कुमार ने एक अन्य आरोपी सुब्रत बर्मन के साथ मिलीभगत करके मिट्टी भराई के माप में बदलाव किया और उसे बढ़ाया गया तथा अन्य आरोपी व्यक्तियों के नाम पर जाली भुगतान वाउचर के माध्यम से विभिन्न तिथियों पर विभिन्न राशियों के भुगतान में अवैध रूप से वृद्धि की, जिन्हें कंपनी द्वारा कभी अनुबंध अथवा कार्य नहीं दिया गया था, जिससे कंपनी को 53,27,248 रुपये का गलत नुकसान हुआ। शिकायत दर्ज करने के बाद पुंडीबाड़ी पुलिस के एसआई कुलदीप सिंह अपनी टीम के साथ कोसली थाने पहुंचे तथा एसएचओ से आरोपी की सुरक्षित गिरफ्तारी के लिए पुलिस सहायता की मांग की, जिसके बाद एसएचओ मनोज कुमार व बंगाल पुलिस लुखी गांव से विवेक को गिरफ्तार कर लिया। बंगाल पुलिस की ओर से आरोपी को ट्रांजिट रिमांड के लिए कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया है।

---

**आसमान में छाए धुएं से नहीं मिली राहत, एक सप्ताह तक मौसम रहेगा शुष्क**

# पारा चढ़ने से कम हुआ सर्दी का असर, एक्यूआई में सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एक दिन पूर्व आसमान में बादल छाने के बाद तापमान में वृद्धि दर्ज की गई, जिससे ठंड का असर कुछ कम हो गया। तेज धूप खिलने के कारण एक्यूआई में सुधार तो हुआ, लेकिन आसमान में धुआं शाम तक छाया रहा। अगले एक सप्ताह तक मौसम शुष्क बना रहने की संभावना है। तापमान में दो दिन बाद गिरावट आने के आसार हैं, जिससे माह के अंत में कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ेगा। वीरवार को सुबह से ही आसमान साफ बना रहा। तेज धूप निकले से दिन के समय लोगों को सर्दी से राहत मिली रही। अधिकतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 29.0 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री की वृद्धि के साथ 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर बाद तक मौसम का मिजाज गर्म बना रहा। हवा की रफ्तार काफी कम 5 किमी प्रति घंटा रही, जबकि हवा में नमी का स्तर 61 प्रतिशत रहा। दिन का तापमान सामान्य से 3.5 डिग्री ज्यादा हो गया है, जबकि रात का तापमान 1.0 डिग्री कम चल रहा है। तापमान में वृद्धि बीते बुधवार को आसमान में बादल छाने के बाद हुई है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले एक सप्ताह तक मौसम साफ बना रह सकता है। 22 नवंबर से दिन के तापमान में कमी आने की संभावना है। नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ सकता है। बारिश की अभी कोई संभावना नहीं है।



रेवाड़ी। शहर में वीरवार शाम को छाया स्मॉग। फोटो : हरिभूमि

**आसमान में धुएं की चादर छाई रही**

*वीरवार को सुबह से ही आसमान में धुएं की चादर छाई रही। लोगों को आंखों में जलन की शिकायत भी रही। इसके बावजूद धारूहेड़ा का एक्यूआई दोपहर के समय कम होकर 151 पर आ गया। इसका कारण यह है कि प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की ओर से धारूहेड़ा नगर पालिका परिसर के आसपास पानी का छिड़काव कराया रहा है। एक्यूआई मापक यंत्र इस परिसर में लगा हुआ है, जिससे आसपास छिड़काव होते ही एक्यूआई कम दर्शाया जाता है।*

**ठंड से रबी फसल अभी तक रोग मुक्त**

इस बार ठंड नवंबर माह के शुरू में ही असरदार साबित होने लगी थी। इससे प्रमुख फसलें सरसों और गेहूं दोनों के लिए मौसम अनुकूल बन गया। सरसों की फसल में शुरूआत में रोग आ गया था, परंतु अब दोनों फसलें रोग मुक्त हैं। सरसों और गेहूं की अगेती फसलों का तेजी से विकास हो रहा है। खरीफ की फसल कटाई के बाद खाली नजर आने वाले खेतों में हरियाली छाने लगी है। इस समय अगर बारिश होती है, तो उससे दोनों फसलों को अच्छा लाभ मिलेगा।

### सीमेंट बेरिकेड से टकराई कार, हादसा होने से टला

**धारूहेड़ा।** हीरो कट के पास वीरवार तड़के एक कार सड़क के पास लगे बेरिकेड से टकरा गई। इस हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन चालक बाल-बाल बच गया। पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। वीरवार तड़के एक कार दिल्ली से जयपुर की ओर जा रही थी। यह कार जब हीरो कट के पास पहुंची तो सड़क किनारे सीमेंट के बेरिकेड में घुस गई। कार के एयरबैग खुलने के कारण चालक बच गया। कार में घटना के समय चालक ही मौजूद था। बेरिकेड से टकराने के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ऐसा माना जा रहा है कि चालक को नींद की झपकी आने के कारण कार बेरिकेड में घुस गई। इससे कुछ देर तक नेशनल हाइवे के जयपुर की ओर जाने वाले हिस्से पर यातायात प्रभावित हुआ।

## खबर संक्षेप

### बस स्टैंड से नाबालिग बरामद, परिवार को सौंपी

**रेवाड़ी।** एमडीडी ऑफ इंडिया की टीम ने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और जिला बाल संरक्षण इकाई के साथ मिलकर शहर बस स्टैंड से 16 साल की नाबालिग बच्ची बरामद की गई। इसके बाद बच्ची को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां उसकी काउंसलिंग की गई।

### फेस्टिवल में स्थान पाने वाली छात्राएं सम्मानित

**बावल।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में हाल ही में आयोजित हुए इंटर जोनल युवा महोत्सव में राजकीय महाविद्यालय बावल की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा संतोष ने ऑन दा स्पाट पेंटिंग प्रतियोगिता में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया है। वहीं बीए तृतीय वर्ष की छात्रा भावना ने हिंदी कविता में चतुर्थ स्थान हासिल करके कॉलेज का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर कॉलेज की प्राचार्य डा. नमिता ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए सम्मानित किया।

### गोशाला के कर्मचारियों को रजाई-गद्दे किए वितरित

**जाटूसाना।** महिला मंडल मूसेपुर की ओर से अमावस्या पर शिव मोहन गोशाला जाटूसाना में दान पुण्य किया गया। महिला मंडल की ओर से सर्दी के बचाव के लिए गोशाला के सभी 22 कर्मचारियों को रजाई, गद्दे व चादर भेंट की गई। इसके अलावा गोशाला की महिला कर्मचारी कमलेश की दोहती की शादी के लिए 3100 रुपए कन्यादान व 22 जोड़ी कपड़े भी प्रदान किए।

### पहले डाली जा रही 12 इंची ड्रेनेज पाइप लाइन

# एक महीने में बनकर तैयार होगी बड़ा तालाब हनुमान मंदिर की सड़क

हनुमान मंदिर की सड़क पर लंबे समय से चल रही थी सीवर ओवरफ्लो व जलभराव की समस्या, अब किया जा रहा स्थाई समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। बड़ा तालाब हनुमान मंदिर के सामने खोदी गई सड़क पर जमा सीवर का पानी तथा सड़क बनाने से सीवर लाइन के पाइप डालती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

शहर के आस्था के केंद्र बड़ा तालाब स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर की सड़क की लंबे समय के बाद दशा सुधारने का कार्य शुरू हो चुका है। हनुमान मंदिर में आने वाले श्रद्धालु और आसपास के लोग पिछले एक दशक से सड़क पर सीवर ओवरफ्लो व बरसात से जलभराव की समस्या से परेशान थे। अब हनुमान मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं व स्थानीय निवासिंयों को समस्या से निजात मिलने वाली है। नगर परिषद की ओर से हनुमान मंदिर के सामने की सड़क पर पहले 12 इंची ड्रेनेज पाइपलाइन डाली जा रही है। पाइपलाइन का कार्य पूरा होने के बाद सीसी रोड निर्माण किया जाएगा। करीब 850 मीटर लंबी सड़क के निर्माण व 12 इंची ड्रेनेज पाइपलाइन डालने में नगर परिषद की ओर से करीब 42 लाख रुपए खर्च किए जा रहे है। कार्य के पूरा करने के लिए एक महीने की समयावधि निर्धारित की गई है। वर्क ऑर्डर करने के बाद पाइप लाइन डालने का कार्य शुरू हो चुका है। इसके बाद जल्द ही सड़क का निर्माण किया जाएगा। अब जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा तथा मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी।

#### मंदिर की सड़क का होगा स्थाई समाधान

पिछले एक दशक में हनुमान मंदिर की सड़क का नव निर्माण किया जा रहा है। मंदिर के सड़क पर लंबे समय से सीवर ओवरफ्लो व बरसात में जलभराव की समस्या थी। अब 12 इंची ड्रेनज पाइप लाइन से जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। मंदिर की सड़क पर जलभराव की समस्या को कई बार हाउस की बैठक में उठाया गया था।

- मनीष गुप्ता, पार्षद वार्ड-18

#### सड़क से पहले डाली जा रही पाइपलाइन

बड़ा तालाब हनुमान मंदिर रोड की एक महीने पहले नई सड़क बनाने के लिए खुदाई की गई थी, लेकिन काम शुरू होने से पहले ही रुक गया, क्योंकि सड़क पर पहले 8 इंची पाइपलाइन डालने का प्रस्ताव था, जिसकों लेकर लोगों ने इसे छोटा बताते हुए आपत्ति जताई थी। इसके बाद नगर परिषद ने नई योजना बनाकर 12 इंची पाइपलाइन डालने को मंजूरी दी। खुदाई के बाद सड़क का काम रुकने से सीवर लाइन डैमेज हो गई और सड़क पर गंदा पानी जमा हो गया। श्रद्धालुओं को मंदिर में आवागमन के लिए गंदे पानी में से गुजरना पड़। मंदिर में मंगलवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते है।

#### बरसात में मंदिर के अंदर भर गया था पानी

अक्टूबर माह में बरसात आने पर निकासी नहीं होने से सड़क सहित हनुमान मंदिर के अंदर तक पानी भर गया था,जिससे श्रद्धालुओं को पानी में से होकर गुजरना पड़ा। इसके बाद भी पानी निकासी के प्रबंध नहीं किए गए। स्थानीस लोगों की ओर से मंदिर की सड़क पर जलभराव का मुद्दा ग्रीवेंश कमेटी की बैठक में भी उठाया गया, जहां ग्रीवेंश कमेटी के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने नगर परिषद के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए समस्या का जल्द स्थाई समाधान करने के निर्देश दिए।

# लक्ष्मीबाई के साहस से हर बालिका को प्रेरणा लेनी चाहिए



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि, शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

- रानी लक्ष्मीबाई सिर्फ एक ही योद्धा नहीं, बल्कि लक्ष्मीबाई महिला सशक्तिकरण का प्रतीक : चौकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से वीरवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बावल में रानी लक्ष्मीबाई जयंती के उपलक्ष्य में महिला शक्ति दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास, स्वावलंबन, राष्ट्रभक्ति और नारी शक्ति के प्रति बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के समक्ष वंदना के साथ की गई।

इसके बाद रानी लक्ष्मीबाई के जीवन संघर्षों पर आधारित प्रेरणादायक प्रसंगों का वर्णन किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई भारतीय इतिहास का अद्वितीय अध्याय हैं और उनके साहस से हर बालिका को प्रेरणा लेनी चाहिए।

#### देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए

मुख्य वक्ता राहुल वर्मा प्रदेश मंत्री एबीवीपी ने छात्राओं को राष्ट्र निर्माण, समाज सेवा और व्यक्तित्व विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। रानी लक्ष्मीबाई सिर्फ एक ही योद्धा नहीं, बल्कि महिला सम्मान और सशक्तिकरण का प्रतीक हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रामकिशन महलावत व विद्यालय की प्रधानाचार्य सरोज बाला मौजूद रही। प्रधानाचार्य ने बालिकाओं को आत्मरक्षा, अनुशासन और शिक्षा के महत्व के बारे में प्रेरणा दी। कार्यक्रम में छात्राओं ने कविता, भाषण और देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। रानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर आधारित लघु नाटिका का भी आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं एबीवीपी कार्यकताओं का धन्यवाद किया। इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक तरुण यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदास्य विकास, जिला संगठन मंत्री परमिंदर सैनी, नगर मंत्री भावना कौशिक और इकाई अध्यक्ष राजकीय कॉलेज बावल प्रीति सहित एबीवीपी के अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पुलिस ने अवैध हथियार रखने वाले चार आरोपी और दबोचे

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी







जिला पुलिस ऑपरेशन ट्रेक डाउन के तहत अवैध हथियार रखने वालों पर लगातार शिकंजा कस रही है। ऑपरेशन के तहत शहर थाना, कोसली, बावल तथा मॉडल टाउन थाना पुलिस की टीमों ने अवैध हथियार रखने के चार अलग-अलग मामलों में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर 2 देशी पिस्टल, 1 देशी कट्टा व 1 जिंदा रोंद बरामद किया है। सिटी थाना एसएचओ सीमा ने बताया कि जगन गेट चौकी प्रभारी एसआई संदीप व उनकी टीम ने गत 19 नवंबर को सूचना के आधार पर दिल्ली रोड स्थित शिव नगर से एक युवक को एक अवैध देशी कट्टा व एक जिंदा रोंद के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जतिन निवासी मोहल्ला कुतुबपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। बावल थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि उनकी टीम ने गत 19 नवंबर को सूचना के आधार पर नंगली रोड़ बावल नजदीक श्याम मंदिर के पास से एक युवक को एक अवैध देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है।

#### सफलता मिली

तीसरे मामले में कोसली थाना एसएचओ मनोज कुमार ने बताया कि उनकी टीम ने वीरवार को सूचना के आधार पर गांव टूमना से कोसली रोड़ पर एक युवक को एक अवैध देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आर्यन निवासी गांव टूमना के रूप में हुई है। मॉडल टाउन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रतनलाल ने बताया कि उनकी टीम ने आर्म्स एक्ट के मामले में संलिप्त दूसरे वांछित आरोपी अनुज कुमार निवासी मन्झोलिया जिला सिवान बिहार हाल किरायेदार गांव करनावास को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

# हादसे में हो गया था कुमरोधा के अजय का निधन

# राजकीय सम्मान के साथ सिपाही को अंतिम विदाई

- हरियाणा पुलिस की टुकड़ी ने दिवंगत सिपाही को सलामी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। सिपाही अजय को श्रद्धांजलि अर्पित करते पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

गुरूग्राम के तैनात हरियाणा पुलिस के जवान अजय को वीरवार को उनके पैतृक गांव कुमरोधा में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। हरियाणा पुलिस की टुकड़ी ने दिवंगत सिपाही को सलामी दी। बड़ी संख्या में ग्रामीण व आला पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। लगभग 30 वर्षीय अजय 6 साल से गुरूग्राम पुलिस में तैनात थे। रात को गवाल पहाड़ी के पास नाकेबंदी के दौरान डंपर की टक्कर लगने से अजय की मौत हो गई थी। वीरवार को उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव लाया गया, जहां उन्हें नम आंखों के बीच अंतिम विदाई दी गई। हरियाणा पुलिस की टुकड़ी ने सलामी दी। इस मौके पर गुरूग्राम के डीसीपी ईस्ट गौरव राजपुरोहित, डीएसपी विनोद कुमार, थाना जाटूसाना प्रबंधक भगवत प्रसाद व पुलिस थाने का स्टाफ मौजूद रहा। पुलिस के आला अधिकारियों ने पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित किए। गांव के सरपंच प्रतिनिधि सितार सिंह, कर्मबीर व बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार में भाग लिया।

# 2628 बच्चों ने दी सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी परीक्षा



रेवाड़ी। सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी परीक्षा देते विद्यार्थी तथा सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी परीक्षा देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस ने शिक्षा विभाग के सहयोग से वीरवार को यातायात नियमों पर आधारित दूसरे राउंड की ब्लॉक स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन किया। परीक्षा में जिलेभर के स्कूलों से 2628 विद्यार्थियों ने भाग लिया। दूसरे राउंड की परीक्षा में चार ग्रुप बनाए गए। प्रतियोगिता में पहले ग्रुप में 1094 विद्यार्थी, दूसरे ग्रुप में 799 विद्यार्थी, तीसरे ग्रुप में 675 और चौथे ग्रुप में 60 विद्यार्थी शामिल थे। डीएसपी ट्रैफिक पवन कुमार ने स्कूलों में ब्लॉक स्तरीय परीक्षा का निरीक्षण किया। इस मौके पर डीएसपी ट्रैफिक ने कहा कि बचपन के समय सीखी हुई बाते बच्चे जिंदगी भर याद रखते हैं।

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि बचपन में यदि बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाएं तो वे भविष्य में अच्छे नागरिक साबित हो सकते हैं, क्योंकि कि बचपन का समय शिक्षा ग्रहण करने के लिए स्वर्णिम कॉल होता है। एसपी ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन में सहयोग के लिए शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक मीणा ने कहा कि सभी बच्चे यातायात नियमों को अपने मन से अपनाएं, न कि पुलिस के भय से।

#### सनग्लो स्कूल में स्कॉउट कैंप का आयोजन

**रेवाड़ी।** नारनौल रोड स्थित सनग्लो इंटरनेशनल स्कूल में 18 से 20 नवंबर तक कक्षा 5 से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए हिंदुस्तान स्कॉउट्स एंड गाइड्स कैंप का आयोजन किया गया। हरियाणा ट्रेनर जयसिंह और संयोजक आशीष त्रेहान ने स्कॉउट कैंप का संयोजन किया। कैंप में छात्रों को अनुशासन, ध्वजा शिष्टाचार, इतिहास, प्राथमिक चिकित्सा, ड्रिल व पर्यावरण संरक्षण जैसे स्कॉउटिंग कौशल का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान के साथ-साथ जीवन कौशल भी सिखाए। विद्यालय के अध्यक्ष वीपी यादव, निदेशिका शारदा यादव तथा प्राचार्य गरिमा यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# बीमारियों से बचाव के लिए चल रहा वैक्सीनेशन कैंपेन

- पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से जिले में पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत अब तक 166000 पशुओं को लगाए गए बचाव के टीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। गांव लिसान में वैक्सीनेशन करने पहुंची टीम। फोटो : हरिभूमि

पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से जिले में राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत गाय, भैंस, भेड़, बकरी और सूकर प्रजाति के पशुओं में खुरपका, मुंहपका और गलघोंटू जैसी बीमारियों से बचाव के लिए वैक्सीनेशन कैंपेन चलाया जा रहा है। भारत सरकार की ओर से प्रायोजित अभियान का लक्ष्य इस वर्ष तक एफएमडी को नियंत्रित करना और वर्ष 2030 तक इसका उन्मूलन करना है। हरियाणा पहला ऐसा राज्य है, जहां पर एक ही टीके से मुंहखुर और गलघोंटू जैसी दो भयंकर बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। वेटरनरी सर्जन डा. शेखर यादव ने बताया कि मुंहखुर एक ऐसी घातक बीमारी है, जिसमें पीड़ति पशु की उत्पादक क्षमता का ह्रास हो जाता है। पीड़ित पशु की रोग-प्रतिरोधक शक्ति नष्ट है जाती है और छोटे पशु और कमजोर पशुओं की मौत भी संभव है। बीमार पशुओं की दूध-उत्पादन क्षमता उस ब्यांत के लिए खत्म हो जाती है।

#### पशुओं की टैगिंग कराने का आह्वान

पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपनिदेशक ने बताया कि वर्ष 2024 में देश में करीब 45 करोड़ पशुओं को मुंहखुर रोग से बचाव के टीके लगाए गए थे। उन्होंने बताया कि टीकाकरण का विशेष कैंपेन एक माह के लिए चलाया जाता है। विभाग की टीमें घर-घर जाकर पशुओं की टैगिंग और टीकाकरण कर रही है। अभियान के तहत सभी पशुओं को राष्ट्रीय डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड की ओर से जारी किए गए 12 अंकों के टैग लगाए जाते हैं और इन पशुओं का डाटा भारत सरकार की भारत पशुधन एप पर अंकित किया जाता है।


# मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग का नामकरण राव तुलाराम के नाम पर करना सराहनीयः अजय पटौदा

*सीएम नायब सिंह सैनी राव तुलाराम के नाम पर कॉलेज बिल्डंग का नामकरण कराने की जो घोषणा की है, उसमें कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव ने बड़ी भूमिका अदा की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दी रेवाड़ी केंद्रीय सहकारी बैंक के चेयरमैन अजय पटौदा ने कहा कि नारनौल के कोरियावास में महर्षि च्वयन ऋषि आयुर्वेद संस्थान में मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग की नामकरण राव तुलाराम के नाम पर करना सरकार का सराहनीय कदम है। सीएम नायब सिंह सैनी राव तुलाराम के नाम पर कॉलेज बिल्डंग का नामकरण कराने की जो घोषणा की है, उसमें कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव ने बड़ी भूमिका अदा की है। एक बयान में अजय पटौदा ने कहा कि देश को आजादी दिलाने में अहीरवाल क्षेत्र में राव तुलाराम और अन्य शहीदों ने अपनी जान की बाजी लगाई थी। राव तुलाराम ने नारनौल के नसीबपुर मैदान में अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ आजादी के लिए जमकर संघर्ष किया था। देश के प्रति उनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। नारनौल के ही कोरियावास में आयुर्वेद संस्थान में बनने वाले मेडिकल कॉलेज भवन का नामकरण राव तुलाराम के नाम पर करना एक सराहनीय निर्णय है। क्षेत्र के लोग सरकार से लगातार इसकी मांग कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव ने सीएम नायब सिंह सैनी को इलाके के लोगों की भावनाओं से अवगत कराया था, जिस देखते हुए सीएम ने इसकी घोषणा कर दी। यह पूरे अहीरवाल क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

#### विकास पर जोर दे रही आरती



अजय पटौदा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की तर्ज पर उनकी बेटी आरती राव समूचे दक्षिणी हरियाणा के विकास पर पूरा ध्यान दे रही हैं। उन्होंने इस इलाके में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। अस्पतालों में डॉक्टरों से लेकर दवाओं तक की कमी को पूरा किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों की बिल्डिंगों का नए सिरे से निर्माण कराया जा रहा है। आरती राव दक्षिणी हरियाणा के साथ-साथ पूरे प्रदेश के लोगों को सरकारी अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रही हैं।

## खबर संक्षेप

### अब तक 51 नशा पीड़ितों का इलाज करवाया

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम रोजाना लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक कर रही है। अभियान के तहत जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने वीरवार को गवर्नमेंट स्कूल गांव अहरोद, गवर्नमेंट व आरबीआर सीनियर सैकेंडरी स्कूल गांव बांसदुदा में स्टूडेंट्स व आमजन को नशे से दूर रहने तथा शिक्षा व खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। पुलिस ने सभी को नशा न करने की शपथ भी दिलाई। नशामुक्ति टीम ने वीरवार एक नशा पीड़ति व्यक्ति की पहचान भी की। पुलिस टीम ने पीड़ति व्यक्ति की काउंसलिंग कराकर रेवाड़ी के डी एडिक्शन सेंटर में भर्ती कराया है। अभियान के दौरान नशा मुक्ति टीम द्वारा अब तक नशे से पीड़ित 157 लोगों की पहचान की जा चुकी है तथा 51 नशा पीड़ित का इलाज कराया गया है।

### मांगों को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**रेवाड़ी।** वीरवार को नंबरदार एसोसिएशन की ओर से अपनी लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम तहसीलदार रमन कुंडू को ज्ञापन सौंपा गया। इससे पहले एसोसिएशन की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष उदयराज राव नंबरदार की अध्यक्षता में बाल भवन में आयोजित कर गई। इस मौके पर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष उदयराज ने कहा कि नंबरदार सरकार की आंख व कान होते हैं और यह सरकार की सबसे छोटी इकाई है। बैठक में नंबरदारों की लंबित मांगों को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

### विकास कार्यो को शीघ्र पूरा कराएं अधिकारीः राहुल

**रेवाड़ी।** एडीसी एवं सीईओ जिला परिषद राहुल मोदी ने वीरवार को लघु सचिवालय में डीआरडीए और जिला परिषद के कार्यों व योजनाओं को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने गांवों में विभिन्न योजनाओं के तहत चल रहे विकास कार्यो को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने मनरेगा स्कीम के तहत होने वाले कार्यो को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एडीसी मोदी ने योजनाओं के तहत ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यो की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

### ममता सीनियर एडवोकेट एवं कैट प्रतिनिधि मनोनीत

**रेवाड़ी।** करीब 12 वर्षों से सुप्रीम कोर्ट में बतौर अधिवक्ता कार्यरत व मध्यस्थ ममता रानी सैनी को राष्ट्रपति की ओर से सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल यानि कैट की प्रतिनिधि मनोनीत किया है। इस उपलब्धि पर रेवाड़ी के विभिन्न संगठनों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी। सांस्कृतिक संगठन मित्रम के संयोजक ऋषि सिंहल ने बताया कि एडवोकेट ममता का मनोनयन आगामी तीन वर्षों के लिए रहेगा तथा इस दौरान वे भारत सरकार की ओर से ट्रिब्यूनल में प्रतिनिधित्व कर सकेंगी। शहर के मोहल्ला बास नंदरूप निवासी भगवानदास सैनी व कृष्णा देवी की सुपुत्री ने दिल्ली से एलएलबी के अलावा कॉरपोरेट लॉ तथा प्रबंधन में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी करने के बाद सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिकाओं के माध्यम से अपनी विशिष्ट पहचान बनाई।

### शक्ति नगर में शरवती कोचिंग कैंपस का उद्घाटन

**रेवाड़ी।** शहर के शक्ति नगर में शरवती कोचिंग कैंपस का उद्घाटन समारोह हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय कुमार यादव एसडीएम कोसली थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. रविन्द्र सिंह डीएसपी उपस्थित थे। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर हरियाणा के प्रसिद्ध कलाकार सुंदर नागर, मनजीत तथा रविन्द्र नागर ने मधुर गीत प्रस्तुत किए।